**एक नजर में**

### मंडला की बेटी मोना बनी डीएसपी

**मंडला।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मंडला जिले की मोना मिश्रा ने शानदार सफलता हासिल की है। निवास तहसील के बिसोरा गाँव की रहने वाली मोना का चयन उप पुलिस अधीक्षक के पद के लिए हुआ है। उन्होंने प्रदेश स्तर पर 9वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार को बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। बताया गया कि मोना की प्रारंभिक शिक्षा गाँव के ही सरस्वती शिशु मंदिर में हुई, जिसके बाद उन्होंने निवास के कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय से हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की। जानकारी अनुसार मोना ने वर्ष 2016 में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं में गणित संकाय में लगभग 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने जबलपुर के होम साइंस कॉलेज से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की, जिसमें उन्होंने गणित में भी पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। बताया गया कि मोना की इस इस सफलता का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह है कि मोना ने बिना किसी कोचिंग संस्थान की मदद के केवल स्व-अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। एक साधारण ग्रामीण परिवेश से आने वाली मोना की इस उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा दी है।

### फलों से सजा हनुमान दरबार, महाआरती के बाद वितरित हुआ प्रसाद

**मंडला नभाप्र.** जिला मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर माँ नर्मदा के तट पर स्थित सूर्यकुंड धाम में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री सूर्यकुण्ड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति द्वारा फल महोत्सव मनाया जाएगा। बताया गया कि यहा विराजमान बजरंगबली दिन में तीन रूप बदलते है। यहां दूर-दूर से भक्त इनके दर्शन के लिए आते है। शनिवार को फल महोत्सव के अंतर्गत श्री हनुमान जी को फलों का चढ़ावा अर्पित किया गया। इस दौरान हनुमान जी की पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके भी शामिल हुई। श्री सूर्यकुण्ड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति द्वारा आयोजित फल महोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। सूर्यकुण्ड के हनुमान जी महाराज को भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के फलों का चढ़ावा चढ़ाया गया। पूरे हनुमान मंदिर को फलों से सजाया गया। बताया गया कि इस फल महोत्सव में दोपहर को कैबिनेट मंत्री सपंतिया उइके भी शामिल होकर हनुमान जी को फल अर्पित की। इसके बाद शाम 07 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें भी बड़ी संख्या में भक्त और कैबिनेट मंत्री शामिल हुई। महाआरती के बाद कैबिनेट मंत्री सपंतिया उइके द्वारा भक्तों को फलों का प्रसाद वितरित किया गया।

**वारदात** | बेडरूम में खून से लथपथ पड़ी थी दोनों की लाश

# दंपति के साथ सनसनीखेज वारदात, जांच में जुटी पुलिस





**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली डबल मर्डर की वारदात सामने आई है. यहां के ग्राम मोहगांव में प्रतिष्ठित बिसेन परिवार से ताल्लुक रखने वाले बिसेन दंपत्ति की लाश उन्हीं के घर पर बेडरूम में लहूलुहान हालत में बरामद की गई है. प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपियों के द्वारा निर्मम हत्या करने का अनुमान लगाया गया है. इस पूरी वारदात को अंजाम देने में 2 से अधिक लोगों के शामिल होने का प्रारंभिक अनुमान है. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि अज्ञात हत्यारों ने हेमेन्द्र बिसेन (47 वर्ष) और धर्मपत्नी योगिता बिसेन (47)5 वर्ष) की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी है. रविवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे हेमेन्द्र बिसेन के सभी तीन भाईयों और भाभियों को घटना के बारे में पता चला. जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. इस वीभत्स घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया है. एसडीओपी विवेक शर्मा और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुशराम की मौजूदगी में एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए है. फिलहाल बिसेन दंपत्ति की हत्या के पीछे कारणों की अभी कोई ठोस पुष्टि नहीं हो पाई है. जन चर्चा के अनुसार लूट की वारदात को अंजाम देने की मंशा से घर में घुसने वाले आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया लेकिन यह कहना भी जल्दबाजी ही होगी क्योंकि घर के किसी भी हिस्से में दरवाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. बहरहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है और पुलिस जांच के बाद ही आरोपियों का पता चलेगा. बिसेन दंपत्ति की हत्या करने वाले हत्यारे कौन है और संयुक्त परिवार के लिए बने घर में उनकी एंट्री कैसे हुई यह बड़ा सवाल है।

मिली जानकारी अनुसार परिवार में सबसे छोटे हेमेन्द्र बिसेन हार्डवेयर का व्यापार करते थे. पड़ोस के ही नांदी गांव में उनकी हार्डवेयर की दुकान है और अपने तीन बड़े भाई ईश्वरी प्रसाद बिसेन, करण बिसेन और शैलेन्द्र बिसेन के साथ एक ही परिसर में बने मकान में निवास करते थे. शनिवार की रात्रि को सभी ने साथ में भोजन किया और करीब 12 बजे तक टीवी देखने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने के लिए चले गए. हेमेन्द्र का पुत्र भी अलग कमरे में सोने के लिए चले गया. रविवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे जब हेमेन्द्र और उनकी धर्मपत्नी नहीं जागी तो करण बिसेन की पत्नी अपने देवर और बहू को जगाने के लिए उनके कमरे की तरफ गई. जहां बहू योगिता बिसेन बिस्तर पर और देवर नीचे जमीन पर खून से लथपथ मृत अवस्था में थे. उन्होंने तत्काल अपनी पति को यह जानकारी दी और फिर सभी भाई एकत्रित हुए. करण बिसेन अपने साथियों को बताते है कि हेमेन्द्र का बेटा जो कक्षा नवमीं में पढ़ाई करता है वह प्रतिदिन उसी के साथ नाश्ता करने के बाद दुकान के लिए जाते थे आज भी नाश्ता बनकर तैयार होने पर उन्होंने अपनी पत्नी को बेटे को बुलाकर लाने कहा लेकिन पत्नी ने रविवार है सोने दीजिए यह बोलकर बात को समाप्त किया और देवरानी और देवर क्यों नहीं उठे यह देखने गई तो कमरे में लाश पड़ी थी. हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों ने हेमेन्द्र के सिर पर किसी धारदार हथियार से हमला किया जबकि उनकी पत्नी से भी मारपीट कर हत्या कर दी गई।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में हुई इस वारदात ने सभी को अचरज में डाल दिया है. क्योंकि बिसेन परिवार के प्रत्येक सदस्य का व्यवहार बेहद ही संतोषजनक है. आपस में सभी भाईयों के बीच घनिष्ट प्रेम भी है. इस घटना के बाद पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत जैसे नेता भी घटनास्थल पहुंचे. विधायक गौरव सिंह पारधी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है.

बिसेन परिवार को जानने वाले हर शख्स ने घटना पर दुख व्यक्त किया और सभी की इच्छा है पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करें. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हर बिंदु पर जांच की है, ताकि हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके. रविवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे दोनों ही पति-पत्नि के शवों को पीएम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है. सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाना है. बता दें कि सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं होने की वजह से करीब 02 घंटे तक डेड बॉडी को वाहन में ही रखा गया और बालाघाट से महिला चिकित्सक आने के बाद शव का पीएम हो पाया।

### दीन दयाल पुरम दुर्गा उत्सव समिति गठित

**बालाघाट ।** नवरात्रि आते ही चहूंओर माताजी का दरबार सजने लग गये है दुर्गा उत्सव समिति बनाकर माता जी उपासना पूजा पाठ पंडालों की सजावट के साथ-साथ तरह तरह के आयोजन की तैयारी प्रारंभ हो जाती है । इसी क्रम में हर वर्ष की भांति इस बार भी वार्ड नंबर 23 में पंडित दीन दयाल पुरम दुर्गा उत्सव समिति अपने 11वे वर्ष में प्रवेश के साथ ही उसकी सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई है ।इसमे संयोजक नंदकिशोर दुबे अध्यक्ष प्रभात मोनू मिश्रा , उपाध्यक्ष शिव शंकर तिवारी . देवेन्द्र तिवारी .मोहारेजी . भगतज़ी .मसखरेजी कोचेजी .संरक्षक अनुभव जैसवाल , यज्ञयेश लालू चावड़ा , प्रकाश दुबे महासचिव राकेश अवस्थी और सदस्यों में मोनू श्रीवास्तव . रवि राजपूत. रितिक. नीलेश. कमलेश रनगिरे. शिवम आदि शमिल है । समिति के सदस्यों ने बताया कि माता की रोज संध्या आरती के बाद बच्चों हेतु अनेक मनोरंजन कार्यक्रम और महिला भजन का आयोजन रखा गया है द्य अष्टमी को देवी जागरण कराने पर भी विचार किया जा रहा है ।




### बैहर में नेशनल लोक अदालत आयोजित

**नवभारत बैहर।** सिविल न्यायालय बैहर में नेशनल लोक अदालत में 67 लंबित प्रकरणो में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत दिनांक 13 सितंबर 2025 शनिवार को सिविल न्यायालय बैहर में श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बैहर के नेतृत्व में नेशनल अदालत का शुभारंभ प्रातः 10:45 बजे न्यायाधीश गण, बार- अध्यक्ष , अधिवक्ता गण एवं बैंक व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं न्यायालय के कर्मचारी गण की उपस्थिति में महात्मा गांधी व मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय बैहर में कुल 3 खंडपीठ का गठन किया गया, जिसमें खंडपीठ क्रमांक 11 के पीठासीन अधिकारी श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश बैहर की खंडपीठ में मोटर दुर्घटना दावा छतिपूर्ति के 15 प्रकरण प्रस्तुत किए गये जिसमे से 03 प्रकरण में 22 लाख 50 हज़ार रुपये का अवार्ड पारित हुआ तथा 14 वैवाहिक प्रकरण प्रस्तुत किए गये जिसमे से 02 प्रकरणों में तथा 01 अन्य आपराधिक प्रकरण में कुल 08 प्रकरणों में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ।

## बैहर अनुभाग के वनखंडों से किसी भी परिवार का नहीं किया जा रहा विस्थापन

**नवभारत, बैहर ।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कहा है कि उत्तर वनमंडल के अंतर्गत बैहर राजस्व अनुभाग के किसी भी वनखंड से किसी भी परिवार का विस्थापन नहीं किया जा रहा है। अतः उत्तर वनमंडल के वनखंडो के ग्रामीण इस संबंध में चल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और भ्रमित न हों। वनखंड के किसी भी परिवार का विस्थापन नहीं किया जा रहा है। जिला प्रशासन वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन भूमि पर काबिज जनजातीय वर्ग के पात्र लोगों को व्यक्तिगत और सामुदायिक पट्टों का वितरण कर रहा है।

वनपट्टा धारक किसानों को कृषि विभाग की ओर अनुदान पर बीज एवं कृषि यंत्र भी प्रदाय किए गए हैं। वनपट्टा धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है और वन क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। अतः उत्तर वनमंडल के 55 वनखंडों में वन व्यवस्थापन किए जाने संबंधी अफवाहों और भ्रामक प्रचार के प्रति सतर्क और सावधान रहें और गलत सूचनाओं पर विश्वास ना करें।

## खरीफ फसलों के कीट व्याधि नियंत्रण के लिए किसानों को सलाह

**नवभारत, बालाघाट।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में फसलों की बेहतर पैदावार के लिए जिले के कृषकों को कृषि विभाग द्वारा विशेष सलाह दी गई है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा जिले के कृषक बंधुओं को धान की फसल की बोआई के लिए विशेष परामर्श दिया गया है, जिसमें उन्हें फसल बिमारियों के निदान एवं कीटो के नियंत्रण के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहिये जिससे की फसल उत्पादन में वृध्दि हो सके एवं फसले रोग मुक्त रहे के बारे में अवगत कराया गया है।




कृषि कल्याण एवं कृषि उपसंचालक मालवीय ने बताया है कि जिले के कृषक नियमित रूप से अपनी फसल की निगरानी करे, ताकि किसी भी समस्या का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया है कि फसलों में लगने वाली ब्लास्ट (लाल पत्ती) जैसी बिमारी के निदान के लिए 250 EC 150 से 200 रूरू प्रति एकड़ या PROPICONAZOLE-120 ml प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। इसी तरह बैक्टेरियल लीफ ब्लाईट (पत्ती सुखने की समस्या) बिमारी के निदान के लिए Streptocycline gm या Copper Sulphate 500 g m प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। शीथ ब्लाइट (तनो में धब्बे) बिमारी के निदान के लिए He & aconozole 5 प्रतिशत EC 250 ml प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

उपसंचालक कृषि श्री मालवीय ने कृषकों को कीटो के नियंत्रण के नियंत्रण से निजाद पाने के लिए सजग रहने को कहा है। उन्होंने बताया है कि तनाछेदक (पोगा/सफेद बाली) कीट के नियंत्रण के लिए Chlorantraniliprole 18.5 प्रतिशत 60 द्वद्य प्रति एकड़ या Cartap hydrochloride 250-300 g m प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

## संदीपनि विद्यालय बालाघाट में हिन्दी दिवस का किया गया आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** हिंदी भाषा के संवर्धन व विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहें हैं ।इसी क्रम मे सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के नवनिर्मित सभागार में हिंदी दिवस का कार्यक्रम 13 सितंबर 2025 दिन शनिवार को आयोजित किया गया ।बालाघाट जिले को साहित्यिक कार्यक्रमों से सुशोभित करने वाले ख्याति प्राप्त कवियों, साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।




कार्यक्रम में बताया गया कि भाषा वह माध्यम हैं जिससे वक्ता अपने भावों, विचारों को श्रोता तक प्रेषित करता हैं ।हिंदी केवल हमारी राष्ट्र भाषा ही नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, शान और सम्मान का प्रतीक है। आज का दिन हमारे लिए बेहद ही खास है, क्योंकि यह दिन हमें अपनी भाषा के महत्व को जानने व समझने और अपनी विरासत को याद करने का अवसर देती है। 14 सितंबर को ही भारत में हिंदी दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है ?

14 सितंबर का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है। यह पूरे देश को एक रखने वाली भाषा हिंदी का दिन है। इसी दिन इस भाषा को 14 सितंबर 1949 को संवैधानिक राज भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ और 14 सितंबर 1953 से अनवरत इस दिवस को आज पर्यंत हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता रहा हैं । सांस्कृतिक विविधताओं से भरे देश भारत में हिंदी दिवस के दिन की अहमियत बहुत ज्यादा है। कोई भी हिन्दुस्तानी जहां भी हो, दूसरे देशों से भी हिंदुस्तानी से हिंदी भाषा के जरिए ही अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता है।

जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ.सतीश चिले - सेवानिवृत्त प्राचार्य महाविद्यालय सिवनी, विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र शुक्ल-सहज, श्री अमर सिंह ठाकुर, श्री चंद्र शेखर डोंगरे, श्री मोहन आचार्य, श्रीमती अलका चौधरी, श्री साहेबलाल दशरिये, श्री अशोक सागर मिश्र मुख्य रुप से उपस्थित रहें । सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया तत्पश्चात सभी उपस्थित अतिथियों का संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले व हिंदी शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया ।

## रामपायली मंडल की सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**नवभारत, वारासिवनी।** भाजपा मंडल रामपायली की ग्राम पंचायत मेंढकी मे विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री के आतिथ्य मे नवनियुक्त जिला भाजपा पदाधिकारीयो मे किशोर अमूले जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री रेखा गोखले के साथ मंडल प्रभारी आलोक खरे पूर्व नपा अध्यक्ष के भव्य स्वागत के साथ भाजपा की सेवा पखवाडा अभियान की कार्यशाला संपन्न हुयी। जिसमे विशेष रूप से बूथ कमेटी की सरंचना पर सभी ने ध्यान देकर मंडल अध्यक्ष को अति आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।



प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सिंतबर से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मदिवस तक चलने वाले सेवा पखवाडा अभियान की कार्यशाला गरिमामय माहौल मे बेहद उत्साह के साथ संपन्न हुयी। उक्त बैठक मे प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री ने कहा की यू ही नही मिलती मंजिल राही को, पहले एक जूनून जगाना पडता है। 16 मई 2014 को देश मे एक नया सूरल माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नाम का उदय हुआ था। जिन्होने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से सीधे बूथ स्तर पर बातचीत का सिलसिला शुरू किया है।

### राजभाषा हिंदी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**बालाघाट।** मेरा युवा भारत (माय भारत) (युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार) बालाघाट के तत्वावधान तथा इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान बालाघाट के स्थानीय सहयोग से पुरातत्व संग्रहालय परिसर बालाघाट में 14 सितंबर को राजभाषा हिंदी पखवाड़े का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया।

## हेमेन्द्र क्षीरसागर बने भाजपा जिला मीडिया और मंडल प्रभारी

**तपोनिष्ठ कार्यकर्ताओं शीर्ष नेतृत्व, जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे का आभार**



**नवभारत, बालाघाट।** कहते है ना पूर्ण समर्पण से किया गया कार्य एक ना दिन अवश्य फलदायी होता है। बानगी में हाल ही में गठित भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में 1991 से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के तौर पर कार्य करने वाले हेमेन्द्र क्षीरसागर को जिला मीडिया प्रभारी जैसा महत्तवपूर्ण सौंपा गया। जो उनके संगठन के प्रति समर्पण, जनकल्याण और कार्यशैली का सम्मान है। साथ ही हेमेन्द्र क्षीरसागर की संगठन निष्ठा से प्रभावित होकर उनको भाजपा जिलाध्?यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल प्रभारी नियुक्ति किया। स्नेहीजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हेमेन्द्र क्षीरसागर को नव दायित्व की शुभकामनाएं दी। हेमेन्द्र क्षीरसागर ने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी और मंडल प्रभारी का दायित्व सौंपने पर जनता-जर्नाद्धन, भाजपा के तपोनिष्ठ कार्यकर्ताओं, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, भाजपा जिलाध्?यक्ष रामकिशोर नानो कावरे का अनंत आभार जताया।

उल्लेखनीय रहे श्री क्षीरसागर ने इसके पूर्व संगठनात्मक दृष्टिकोण से वार्ड अध्यक्ष से शुरूवात की क्रम में मंडल भाजयुमो बालाघाट ग्रामीण, दो बार जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, जिला कोषाध्यक्ष भाजयुमो, भाजपा ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ जिला महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा विधानसभा संयोजक, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी जैसी महत्ती जिम्मेदारी निभाई। श्रृंखला में एक जनप्रतिनिधि के तौर पर सभापति जनपद पंचायत बालाघाट, प्रतिनिधि जिला थोक उपभोक्ता भंडार, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक बालाघाट, राष्ट्रीय युवा सहकारिता समिति मर्यादित नई दिल्ली सहित विभिन्न जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन किया।

# बड़ा देव स्थल बाउंड्री वॉल का विधायक भगत ने किया भूमिपूजन

**नवभारत, परसवाड़ा।** मुख्यालय परसवाड़ा के गोंडवाना भवन में रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में विधायक मधु भगत ने गोंडवाना भवन के बाउंड्री वाल निर्माण हेतु भूमि पूजन किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी पारंपरिक शैला नृत्य के साथ परसवाड़ा के बड़ा देव स्थल गोंडवाना सामुदायिक भवन में परसवाड़ा विधायक मधु भगत, जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे, जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, परसवाड़ा सरपंच गायत्री सुधीर कुमरे, उपसरपंच भजनलाल उइके, पूर्व जनपद अध्यक्ष
रूपा उइके, ? तथा परसवाड़ा क्षेत्र के अन्य ग्रामो से पहुंचे सरपंच और प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्वागत किया गया। बतादें कि आयोजित कार्यक्रम कोया पुनेम एवं संवैधानिक शिविर द्वीतिय वर्ष प्रशिक्षण के समापन अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।



जिसके पश्चात कार्यक्रम पुष्प गुच्छ और हार से सभी का स्वागत किया गया ।सभी के स्वागत के पश्चात ग्राम पंचायत लिंगा सरपंच कपूरचंद वरकड़े द्वारा, कार्यक्रम में मौजूद विधायक मधु भगत से ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा ग्राम के विकास में आ रही समस्याओं से रूबरू कराया। इसी क्रम में उन्होंने परसवाड़ा-बैहर सड़क मार्ग के निर्माण नहीं होने की समस्या भी रखी ।कार्यक्रम के दौरान ही उन्होंने परसवाड़ा के बड़ा देव स्थल गोंडवाना सामुदायिक भवन के चारों तरफ बाउंड्री वाल निर्माण कराने हेतु भूमि पूजन करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक मधु भगत ने ग्राम विकास के समस्या लेकर पहुंचे सभी ग्रामो के सरपंचों से मुलाकात की और हर संभव सहायता के लिए उन्होंने आश्वास्त किया ।
इस दौरान उन्होंने परसवाड़ा बैहर सड़क निर्माण पर कहा कि इस सड़क के लिए ठेकेदार के द्वारा सड़क के मेंटेनेंस में होने का लेटर दे दिया गया है जिसकी वजह से निर्माण नहीं हो पा रहा है। वहीं लामता परसवाड़ा सड़क के पुनः निर्माण के लिए लेटर दे दिया गया था इसलिए लामता सड़क का निर्माण हो चुका है। उन्होंने कहा है कि शीघ्र ही क्षेत्र के सभी सरपंचों और ग्रामीणो के सहयोग से परसवाड़ा बैहर सड़क निर्माण को लेकर जन आंदोलन किया जायेगा।

कार्यक्रम में बैठक के पश्चात सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़ा देव स्थल गोंडवाना भवन की सुरक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों की मांग पर बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान बताया गया की विधायक के पूर्व कार्यकाल में गोंडवाना सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था। अब भवन की सुरक्षा को लेकर बाउंड्री वाल निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया है।

इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष शिवकुमार उइके, लिंगा सरपंच कपूरचंद वरकड़े, सरपंच कूंवर मेरावी, सरपंच जगदेव मेरावी, सरपंच दिनेश वरकड़े, सरपंच सरोज वाडिवा, मीना मर्सकोले, संपत सिंह उइके, श्री मेरावी, सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन उइके, विधायक प्रतिनिधि बलराम उईके, सुधीर पटले, श्रीश अवधिया, इमरान कुरैशी, इमरान शेख, कौशिक उइके, अक्षय मेरावी, राहुल परते, अनुसुइया उसके, ललिता मर्सकोले एवं प्रशिक्षक प्रेमसिंह ताराम, ध्यासिंह तेकाम, सुख-चैन सिंह कुडापे मौजूद रहे ।